तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 सितंबर 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

किसान, महिलाओं और युवाओं की प्रगति ही राज्य का भविष्यः मुख्यमंत्री साय 4



## खबर संक्षेप



### अच्छी वर्षा के लिए इंद्र देव की पूजा की गई

**जशपुरनगर।** रविवार को इंद्र पूजा धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाया गया। हर साल भादो माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। अच्छी वर्षा के लिए भगवान इंद्र देव का आभार जताने के लिए परंपरा के अनुसार किया जाता है। इस विशेष पूजा की शुरुआत भगवान बालाजी के डोला उठाने से होता है। पुरोहितों ने भगवान बालाजी के डोला उठने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की। इसके बाद राज परिवार के सदस्यों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान बालाजी को जयकारे के साथ दो किलोमीटर कांधे पर इंद डीपा ले गए। यहां लकड़ी से निर्मित भगवान इंद्र की प्रतिमा की पूजा अर्चना करने के साथ प्रतिमा का दुग्ध अभिषेक किया गया। परंपरा के अनुसार भगवान इंद्र को लगभग 50 फिट ऊंचा विशाल छतरी भी ओढ़ाया गया। पूजा संपन्न होने के बाद भगवान बालाजी की प्रतिमा को वापस मंदिर में स्थापित किया गया। भगवान इंद्र का यह अनूठा पूजा जशपुरांचल में पीढ़ियों से चला आ रहा है। शहर के साथ आसपास के गांव में भी इस पूजा को धूमधाम से मनाया जाता है। जनजातीय बाहुल्य जशपुर जिले में पारंपरिक पूजा और त्यौहार को मनाने की अपनी अलग ही परंपरा है। जशपुर में आयोजित होने वाला राजसी दशहरा महोत्सव छत्तीसगढ़ का दूसरा बड़ा दशहरा उत्सव है। इस आयोजन में रियासतकालीन परंपरा और जनजातीय मान्यता का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए किया जागरूक



**जशपुरनगर।** परियोजना मनोरा के मनोरा सेक्टर अंतर्गत समस्त आंगनबाडी केन्द्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान मासिक धर्म संबंधी सभी प्रकार के मिथकों से उन्हें अवगत कराया गया, किशोरी बालिकाओं की मासिक धर्म स्वच्छता के सैनिटरी पैड, आदि प्रयोग करने एवं उनके उचित निपटान करने की सलाह दी गई। उनसे चर्चा कि गई कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सकीय सलाह लेने से कभी ना झिझकें। इस दौरान संतुलित आहार लेने व तनाव से बचने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से मातृ एवं प्रसवकालीन स्वास्थ्य, संक्रमणों की रोकथाम व उपचार के संबंध में चर्चा की गई। इसी प्रकार एकीकृत बाल विकास परियोजना बगीचा अंतर्गत सेक्टर विमडा के ग्राम पंचायत सरडीह में मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरुकता कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच रामजीत राम भगत, वार्ड पंच ग्रामीण महिलाएं, किशोरी बालिकाएँ शामिल हुए। कार्यकम में महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिलाओं के अधिकार, कानूनी संरक्षण, बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने संबंध में चर्चा की गयी। इस अवसर पर यौन एवं प्रजनन स्वास्थ, मासिक धर्म संबंधित स्वच्छता चिकित्सीय सहायता परामर्श संबंधित विस्तृत जानकारी दी।

## मुख्यमंत्री निवास में 11 दिन तक रहा भक्ति का माहौल

# गणेश प्रतिमा का हुआ धूमधाम से विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक मुख्यमंत्री निवास बगिया में इस वर्ष भी भगवान गणेश की प्रतिमा विराजमान रही। पूरे 11 दिन तक यहां सुबह-शाम भजन, कीर्तन, पूजा-अर्चना और आरती के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहा।श्रद्धालुओं और आमजन की बड़ी संख्या प्रतिदिन मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर गणेश जी का आशीर्वाद लेती रही।

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शनिवार को विधिवत पूजा-अर्चना और भव्य शोभायात्रा के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। बगिया निवास से शोभायात्रा रवाना होकर मैनी नदी तट तक पहुंची। पूरे रास्ते भक्त ₹गणपति बप्पा मोरया₹ के जयकारे लगाते रहे। ढोल-नगाड़े, झांझ-मंजीरे और भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया।







### कौशल्या सपरिवार हुई शामिल

मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या एवं उनके परिवारजन भी इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री गणेश जी की पूजा कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की।

### व्यवस्था रही चुस्त दुरुस्त

गणेश विसर्जन के दौरान व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही। श्रद्धालुओं ने बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ प्रतिमा को मैनी नदी में विसर्जित किया,इसके पश्चात भंडारा में सभी श्रद्धालु गण ने प्रसाद ग्रहण किया। विसर्जन कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। बगिया गांव और आसपास के क्षेत्र में 11 दिनों तक गणेशोत्सव का माहौल बना रहा।

### भक्ति और उल्लास में डूबा नगर

शनिवार को नगर का माहौल पूरी तरह गणेश भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। नीर शाश्वत संगम समिति, पुरानी टोली द्वारा गणेशोत्सव का समापन हवन, पूजा–अर्चना और भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। सुबह से ही समिति परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गणपति बाप्पा की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाए गए वाहन पर विराजमान किया गया। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक परिधानों में शोभायात्रा का हिस्सा बने। बुजुर्गों ने भजन और मंगलगान से वातावरण को भक्तिमय बनाया, जबकि युवाओं ने डीजे की धुनों पर नाच–गाकर माहौल को उल्लासमय कर दिया। गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के नारों से पूरा नगर गूंज उठा। यात्रा के दौरान भक्तों ने एक-दूसरे को रंग–गुलाल लगाया और प्रसाद वितरण किया। इससे शोभायात्रा सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक भाईचारे का भी प्रतीक बन गई। इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. लीलाम्बर सिंह, मिलिन सिंह, प्रतिक सिंह, नवनीत सिंह, सौरव सिंह,अंकित सिंह,गगन यादव, अखिलेश सिंह, तूफान सिंह, सुजीत सिंह, रमेश सिन्हा, चित्रांस मिश्रा, राममोहन मिश्रा, दीपक मिश्रा, मुरारी यादव, नितेस कंसारी, आकाश कंसारी, हर्षित नंदे, चिराग नंदे, योगेश रवानी, अनुज रवानी सहित कई युवाओं का विशेष योगदान रहा। समिति के डॉ. लीलाम्बर सिंह ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गणेश उत्सव केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और भाईचारे का माध्यम भी है।

### भावुक कर गए विसर्जन के क्षण

शोभायात्रा पुरानी टोली से निकलकर उपर रोड, लाइब्रेरी मार्ग होते हुए देऊलबंद तालाब पहुंची। यहां मंत्रोच्चार और विधिपूर्वक पूजा के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखों में जहां बिछड़ने की पीड़ा थी, वहीं अगले बरस बाप्पा के फिर आने की उम्मीद भी थी।

# होटल-ढाबों की सघन चेकिंग में जुटी जशपुर पुलिस

## चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने चला विशेष अभियान

**जशपुरनगर।** जिले में चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर रोकथाम के लिए जशपुर पुलिस ने रविवार को व्यापक अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में होटल, लॉज, ढाबा, धर्मशाला, रैनबसेरा और सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस की टीमों ने सघन चेकिंग की।



अभियान के दौरान बाहर से आए संदिग्ध मुसाफिरों से पहचान पत्र दिखाने को कहा गया और उनके जिले में आने के कारणों की जानकारी ली गई। पुलिस ने होटल और लॉज संचालकों को साफ निर्देश दिए कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति को वैध पहचान पत्र और दस्तावेजों की जांच किए बिना न चोरी और आपराधिक घटनाओं में अक्सर अंतरजिला और अंतरराज्यीय गिरोह शामिल रहते हैं। ये गिरोह वारदात से पहले क्षेत्र की रेकी करते हैं और वारदात के बाद छिपने के लिए होटल, लॉज और धर्मशालाओं का सहारा लेते हैं। पुलिस की नजर अब ऐसे लोगों पर टिकी हुई है, ताकि जिले में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को रोका जा सके।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने होटल, ढाबा और लॉज संचालकों को कड़ी चेतावनी दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों में असामाजिक तत्वों को बैठने न दें। किसी भी हालत में शराब और अन्य मादक पदार्थों के सेवन या बिक्री की अनुमति न दें। ऐसा करते पाए जाने पर होटल संचालकों समेत संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में आने वाले बाहरी मुसाफिरों की नियमित जांच करें। उनके दस्तावेजों की सत्यता सुनिश्चित करें और मुसाफिर रजिस्टर में अनिवार्य प्रविष्टि कराएं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी मिलते ही तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखना है। होटल और ढाबा संचालकों को यह भी समझाइश दी गई है कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि उनके प्रतिष्ठानों में होती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# गणेश विसर्जन जुलूस में बोलेरो चढ़ाने वाला गिरफ्तार



**जशपुरनगर।** जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम जूरुडांड में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। नशे में धुत बोलेरो चालक सुखसागर दास को इलाज से उबरने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। हादसे में अब तक कुल चार लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई घायल अब भी इलाजरत हैं।

पुलिस के अनुसार ग्राम जूरुडांड के ग्रामीणों ने 2 सितंबर की रात परंपरा के अनुसार गणेश प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम निकाला था। रात करीब 11 बजे 100–150 ग्रामीण ढोल-नगाड़ों और डीजे पर श्रद्धा भाव से नाचते-गाते चल रहे थे। प्रतिमा के पीछे ट्रैक्टर और डीजे चल रहा था। इसी बीच ग्राम कुदमुरा, थाना नारायणपुर निवासी 32 वर्षीय सुखसागर दास बोलेरो क्रमांक सीजी 15 सीआर 1429 में नशे की हालत में वहां पहुंचा। बोलेरो चालक ने अचानक रफ्तार बढ़ाई और भीड़ में घुस गया। देखते ही देखते अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, लेकिन तब तक तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी और कई लोग बुरी तरह घायल हो गए।

### तत्काल प्रशासन ने की व्यवस्था

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कलेक्टर रोहित व्यास और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने भी घटनास्थल पहुंचकर हालात का जायजा लिया। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। बोलेरो वाहन को जब्त कर आरोपी चालक को उसी रात पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया। हालांकि गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसे अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या चार हो गई। मृतकों के घरों में मातम छा गया है और गांव का माहौल आज भी गमगीन है।

### आरोपी ने किया अपराध स्वीकार

इलाज से ठीक होने के बाद पुलिस ने आरोपी से सख्त पूछताछ की। आरोपी सुखसागर दास ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना बगीचा में बीएनएस की धारा 281, 125(ए) और 105 के तहत अपराध दर्ज किया है। बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

# ग्रामीण इलाकों में लो वोल्टेज की समस्या दूर करने मुख्यमंत्री के निर्देश पर 102 ट्रांसफार्मर स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ट्रांसफार्मर की कमी जशपुर जिले में विद्युत व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या थी।गांव में ट्रांसफार्मर बिगड़ जाने से उसे बदलना मुश्किल हो जाया करता था।खासकर ग्रामीण इलाकों में ट्रांसफार्मर ना लगने लो वोल्टेज की समस्या की शिकायते भी मिल रही थी। इस समस्या से जिले को मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित की।



जिले में विद्युत वितरण व्यवस्था को सुदृढ करने ले लिए बीते 21 माह में 102 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किये गए हैं।विभाग के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यु ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर ग्रामीण अंचल में सर्वे का काम जारी है। सर्वे में जहां भी ट्रांसफार्मर की आवश्यकता मिल रही है वहाँ तत्काल ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बीते 21 माह के दौरान जिले के ग्रामीण अंचल में विद्युत वितरण व्यवस्था में आए इस क्रांतिकारी बदलाव से लोगों के जीवन में सुखद हो गईं है। जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्र में रात के समय बिजली गुल रहने की समस्या खत्म हो गईं है। रात के समय बच्चों को पढ़ने के लिए टिमटीमाते लौ का सहारा नहीं लेना पड़ता है। सिंचाई के लिए किसानों को खेत में भरपूर बिजली मिल रही है। इससे विष्णु के सुशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

### कुनकुरी में पांचवां उपकेंद्र होगा स्थापित

जिले में विद्युत व्यवस्था के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी में 400 केव्ही क्षमता वाली छत्तीसगढ़ के पांचवे उपकेंद्र स्थापित करने की मंजूरी दी है। इसके लिए तकनीकी स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी कर सरकार ने स्टेशन निर्माण के लिए बजट भी जारी कर चुकी है। जिला प्रशासन ने जमीन निर्धारण कर,आबंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस उप केंद्र के बन जाने से जिलेवासियो के साथ पड़ोसी राज्यों को भी बिजली की आपूर्ति हो सकेगी।

### पत्नी की हत्या कर लाश को जंगल में किया दफन, आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले के कोरंधा क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की डंडे से पिटाई कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से लाश को दफन कर दिया। जांच के दौरान पुलिस ने कब्र खोदकर लाश बाहर निकाला और जब कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी युवक ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कोरंधा थाना अंतर्गत ग्राम हंसपुर निवासी 45 वर्षीय हीरालाल कुजूर आ. प्रेमसाय कुजूर पत्नी कलावती कुजूर के साथ 1 सितम्बर की दोपहर जंगल की तरफ गया हुआ था लेकिन शाम को सिर्फ हीरालाल कुजूर ही वापस आया जबकि कलावती घर नहीं लौटी। इस दौरान जब ग्रामीण के पुत्र शेखर कुजूर ने पिता से मां के बारे में पूछताछ की तो हीरालाल ने बेटे को बताया कि पति-पत्नी के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ था जिससे नाराज होकर कलावती कहीं चली गई है।



# उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यपाल पुरस्कार हेतु शिक्षक रवि का चयन

**जशपुर।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक रवि गुप्ता का छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के लिए सर्वोच्च सम्मान राज्य शिक्षक सम्मान राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयन हुआ है। इसकी घोषणा स्वयं छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री ने शिक्षक दिवस के दिन किया। शिक्षक रवि गुप्ता विगत 16 वर्षों से शासकीय शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे है।

शिक्षा के क्षेत्र में नित्य नवाचार करने हेतु एवं बच्चों को विभिन्न प्रकार के टी एल एम एवं तकनीकी का प्रयोग करके पढ़ाने हेतु शिक्षक रवि गुप्ता जाने जाते हैं। शिक्षक के द्वारा विद्यालय में उपलब्ध सूचना एवं प्रौद्योगिकी के तहत कंप्यूटर, टेबलेट, टीवी, प्रिंटर एवं मोबाइल आदि का उपयोग करके बच्चों को बेहतर तरीके से सिखाया जाता है। शिक्षक नए जमाने की शिक्षा तकनीक के तहत कार्य करते हैं। बच्चों को किसी विषय को अच्छे से समझाने के लिए वे विभिन्न प्रकार के वीडियो दिखाकर एवं उससे संबंधित वर्कशिट इमेज आदि प्रिंट से उपलब्ध कराकर बच्चों को उस अवधारणाओं को अच्छे से सिखाते हैं। बच्चों के अंग्रेजी एवं हिंदी पठन कौशल के विकास हेतु शिक्षक के द्वारा विशेष नवाचार कार्य किया गया एवं अंग्रेजी विषय सिखाने के लिए बच्चों के लिए कई प्रकार के वीडियो भी बनाई जिससे उन्होंने छोटे बच्चों को आसान तरीके से अंग्रेजी भाषा को सिखाया एवं यूट्यूब में उनके अंग्रेजी से संबंधित वीडियो में हजारों लोग देख चुके है। अंग्रेजी विषय से स्नाकोत्तर एवं बीएड डिग्री प्राप्त शिक्षक रवि गुप्ता ने ₹एजी इंग्लिश फॉर किड्स₹ नाम की एक बहुत ही उपयोगी अंग्रेजी पुस्तक भी लिखी है। गणित विषय से संबंधित भी उन्होंने कई उपयोगी टीएलएम बनाए है, जिसका वे अध्यापन में नियमित उपयोग करते हैं। 2018 में विद्यालय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम शाला घोषित हुआ एवं शिक्षक का विद्यालय में अध्यापन हेतु चयन हुआ। उस समय ग्रामीण क्षेत्र में सीबीएसई पाठ्यक्रम में अंग्रेजी माध्यम में बच्चों को सिखाना एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य था, परंतु शिक्षक ने अपने जज्बे एवं जुनून के साथ मेहनत किया एवं नित्य अन्य शिक्षकों के सहयोग से बच्चों का एवं विद्यालय का विकास होता गया।

■ बच्चों को सीखाने के लिए सूचना, प्रौद्योगिकी एवं तकनीक का करते है नियमित उपयोग

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

# दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैंपियन, तीन वर्गों में जीता खिताब

जशपुरनगर। 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम जशपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभागों से आए खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल से सभी को रोमांचित किया। प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग की टीम आल ओवर चैंपियन रही।

इस टीम ने बालक 15 और 17 आयुवर्ग एवं बालिका 17 आयुवर्ग में विजेता होने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह की शुरुआत जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, कोच एवं खेल प्रेमियों का हार्दिक स्वागत करते हुए प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत सहित अन्य अतिथिगण, विभिन्न संभागों के जनरल मैनेजर एवं आयोजन में सहयोगी विभागों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा विधिवत तरीके से खेल ध्वज को अवतरण कर संवहन करने के उपरांत प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी समीर बड़ा को समर्पित किया। इसके पश्चात उन्होंने प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय ने विजेता टीमों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों का यहां पर आकर अपनी खेल प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जशपुर की धरती ने सदैव उत्कृष्ट खिलाड़ियों को जन्म दिया है। यहां के खिलाड़ियों ने हॉकी सहित अन्य खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। श्रीमती साय ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएँ युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं इन प्रतियोगियों से निकले खिलाड़ी कल भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को यहां आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता खिलाड़ी को नया अनुभव देती है ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### जीएसटी में रिफॉर्म एक नए युग की शुरुआत : अभिषेक

**अम्बिकापुर।** जीएसटी में लगातार किए जा रहे सुधारों में कर की दर का सरलीकरण एवं आम जनता तक कीमतों में कटौती करने की ऐतिहासिक



पहल करते हुए जीएसटी सुधार के अंतर्गत जीएसटी की कर की दरों को 5 एवं 18 प्रतिशत तक करके सरकार ने एक बड़ा बदलाव किया है उपरोक्त सुधार पर टैक्स बार एसोसिएशन सरगुजा के अध्यक्ष एवं आर्थिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह संयोजक अभिषेक शर्मा ने कहा कि पहले जीएसटी की 4 दरें थीं अब केवल 5 एवं 18 ही है। विलासिता की वस्तुओं एवं तंबाकू प्रोडक्ट्स एवं कुछ अन्य पर 40 प्रतिशत ही हैं। 2017 में जीएसटी के लागू होने के बाद अब तक का सबसे बड़ा कदम केंद्र सरकार ने उठाया है। दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली कुछ वस्तुओं पर शून्य एवं कुछ पर 5 प्रतिशत होने से सभी वस्तुओं का मूल्य कम होगा और जनता को राहत मिलेगी। इससे महंगाई कम होने के साथ एमएसएमई सेक्टर को भी लाभ होगा, सकल घरेलू उत्पाद भी बढ़ेगा, लघु एवं कुटीर उद्योग के साथ छोटे व्यापारियों को भी राहत मिलेगी। रोटी चपाती में शून्य दर और अन्य भोजन की सामग्री में 5 प्रतिशत, जीवन बीमा पॉलिसी कर मुक्त, कुछ आवश्यक दवाएं कर मुक्त, मेडिकल उपकरण में कम दर होने, एवं शिक्षण सामग्रियों को कर मुक्त करने से कीमत कम होने के साथ अनुपालन में भी कटौती आयेगी। जीएसटी में सुधार के माध्यम से कर की दर कम होने के कारण घरेलू क्रय शक्ति में वृद्धि होगी, उद्योग में प्रतिस्पर्धा कम होने के साथ एमएसएमई को सहारा मिलेगा, नए उद्योग खुलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, निर्माण के क्षेत्र को गति मिलने के साथ कृषि के क्षेत्र को भी मजबूती मिलेगी। ट्रांसपोर्ट वाहन पर जीएसटी 18 प्रतिशत, एवं अन्य वाहनों पर 28 से 18 प्रतिशत होने से वाहनों के मूल्य में काफी कमी आएगी, जिससे आमजन को राहत मिलेगी। वास्तव में सरकार के द्वारा लिया गया निर्णय सर्व हितैषी है इससे राजस्व में प्रारंभिक हानि जरूर होगी लेकिन दीर्घकालिक रूप से यह सुधार देश को आर्थिक रूप से गति प्रदान करने में सहायक होगा। जीएसटी में नए फैसले से जीएसटी में अनुपालन का बोझ कम होने से व्यापार अब और सरलता एवं सुगमता से संचालित होगा।

### नई जीएसटी दरें आम जनता के पक्ष में

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सरगुजा अध्यक्ष मनोज अग्रवाल बाबा दुर्गा नाथ अंबिकापुर ने 22 सितंबर से लागू होने





वाले जीएसटी के दो नवीन स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जो नवीन नियमावली जीएसटी की बनी है वह आम जनता के लिए बहुत ही कारगर है तथा मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक नई सौगात है। प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की आगामी 22 सितंबर से जीएसटी की नई दरें लागू हो जाएगी जिनका स्वागत करता हूं। आम जनता के लिए वास्तव में किसी नई सौगात से कम नहीं है तथा उनके दैनिक इस्तेमाल वाली 175 वस्तुओं का मूल्य घटा दिया जाएगा एवं जीवन रक्षक दवाइयों में भी कटौती की गई है। जीवन बीमा की प्रीमियम राशि में भी कमी आएगी। आगामी भविष्य में एक नई जीएसटी स्लैब का भी निर्धारण किया जाएगा जिसमें पान मसाला मोटर कार वगैरह कुछ लग्जरी आइटम्स को रखा गया है जिसको लग्जरी जीएसटी वे कहा जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा जो नई जीएसटी की दरें लागू की गई है वह वास्तव में आम जनता के पक्ष में हैं और सराहनीय है।

### रजत जयंती पर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम




**लखनपुर।** छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिपं सभापति विजय अग्रवाल ने किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश साहू शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ने की। सभी ने रजत जयंती पर अपने व्याख्यान दिए। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डीपी साहू रहे जबकि मंच संचालन भूगोल विभागाध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। छात्रों द्वारा छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा के 25 वर्षों से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनका विशेषज्ञों ने समाधान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित हुई शिक्षिका रेखा

**अंबिकापुर।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीनगर की प्रधान पाठक रेखा राय को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान मिला। इस दौरान शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। रेखा राय ने कहा कि इस सम्मान का श्री बच्चों को जाता है। बच्चों के साथ रखकर हमें कार्य करने का अवसर मिला। रेखा राय लगातार 21 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से सीखना, स्वयं के यूट्यूब चैनल के माध्यम से बच्चों के लिए कंटेंट बनाना और सीखा रहीं हैं।

## क्रेडा का सोलर पॉवर प्लांट बंद

# दो सालों से दो दर्जन से अधिक गांवों में छाया अंधेरा





गांव में स्थापित सोलर सिस्टम एवं खराब बैटरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहरपुर

**खास बात**

- ढिबरी के सहारे जीवन गुजार रहे ग्रामीण

आज जब विद्युत एवं इंटरनेट के माध्यम से विवि उपकरणों का उपयोग कर लोग न केवल अपनी जिंदगी को आसान बना रहे हैं बल्कि रोजगार एवं समृद्धि के नए-नए रास्ते विकसित कर रहे हैं वहीं सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की जिंदगी ढिबरी के भरोसे रेंग रही है। क्षेत्रवासियों के लगातार संघर्ष के बावजूद अभी क्षेत्र में विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए क्रेडा द्वारा स्थापित 80 फीसदी सोलर पावर प्लांट वर्षों से बंद पड़े हैं।

बीहड़ों के बीच बसे चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र की हरियाली अब विकास में बाधा बन गई है। सरहद पर गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व का घना संरक्षित जंगल है। टाइगर रिजर्व में बसे गांवों के लिए बिजली सपने जैसा है लेकिन आसपास के गांवों में अभी विद्युत विस्तार नहीं हो सका है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी इसके लिए वन विभाग की अनापत्ति को आवश्यक बताते हैं इसलिए इस दिशा में कोई खास पहल नहीं हो सकी है। क्रेडा द्वारा 10 वर्ष पूर्व विद्युत विहीन गांवों में सोलर पॉवर प्लांट एवं ग्रामीणों के घरों में होम लाइट लगाए गए थे। रख रखाव के अभाव में 80 फीसदी पॉवर प्लांट वर्षों से ठप पड़े हैं। बंद पड़े प्लांट को चालू करने ग्रामीण ग्रामीण लम्बे समय से गुहार लगा रहे हैं लेकिन अधिकारी कभी बजट उपलब्ध नहीं होने तो कभी स्थिति से शासन को अवगत कराने तो कभी आवश्यक उपकरणों का खरीदी आदेश जारी करने का हवाला देकर टालमटोल करते रहे हैं। हालत यह है कि कहीं का प्लांट दो सालों से तो कही एक साल से बंद पड़ा है। ग्रामीणों की समस्या देख क्षेत्र के सरपंचों ने भी जनप्रतिनिधियों एवं क्रेटा के अधिकारियों से मिलकर सोलर इकाइयों को चालू कराने की पहल की लेकिन हालत नहीं बदली। सोलर इकाइयों के बंद होने से सबसे अधिक प्रभाव बच्चों की पढ़ाई पर रहा है। ढिबरी की रोशनी में रोशनी की अन्य जरूरतें तो जैसे-तैसे पूरी हो जा रही हैं लेकिन बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

### नहीं है सिंचाई सुविधा

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में जीवन यापन का एकमात्र सहारा कृषि एवं मजदूरी है। क्षेत्र की भूमि तो उर्वरा है लेकिन सिंचाई सुविधा के अभाव में क्षेत्रवासी सिर्फ वर्षा आधारित धान की खेती करते हैं। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के प्राकृतिक स्त्रोत उपलब्ध हैं वहां रबी फसलों की भी खेती होती है लेकिन क्षेत्र की बड़ी आबादी एकमात्र धान की फसल पर निर्भर है। क्षेत्र में अभी तक बिजली विस्तार नहीं होने के कारण सिंचाई पंप लगाना संभव नहीं है इसलिए क्षेत्रवासी लंबे समय से विद्युत विस्तार की मांग कर रहे हैं।

### धूल फांक रही सर्वे रिपोर्ट

क्षेत्रवासियों की मांग पर वर्षों पूर्व प्रशासन ने विद्युत विस्तार की संभावनाओं को तलाशने के लिए क्षेत्र के गांवों का सर्वे कराया था। सर्वे करने वाले अधिकारी टाइगर रिजर्व के बाहरी क्षेत्र के गांवों में विद्युत विस्तार में कोई खास समस्या नहीं होने की बात कह रहे थे लेकिन लम्बा समय गुजरने के बावजूद इस दिशा में कोई कारगर पहल नहीं हो सकी है। पहले विद्युत अधिकारी गुरूघासी दास नेशनल पार्क का हवाला देकर विद्युत विस्तार के लिए मना कर रहे थे लेकिन अब अधिकार वन विभाग की आपत्ति मिलने के बाद क्षेत्र में विद्युत विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कह रहे हैं। ग्राम पंचायत अवंतिकापुर के पठारीपारा तक विद्युत विस्तार का कार्य पूरा हो गया है लेकिन 700 मीटर दूर ग्राम कोल्हुआ में बिजली नहीं पहुंच पाई है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता बसंत खेस ने बताया कि विद्युत विस्तार के लिए डीएफओ से वन विभाग की अनापत्ति का प्रस्ताव भेजा गया है। अनापत्ति मिलने के उपरांत प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।

### इन गांवों में समस्या

क्षेत्र के ग्राम महुली, कोल्हुआ, भाटपारा, पण्डोबस्ती, बोकराटोला, चोंग, करौटी, खैरा, कछिया, नवडीहा, बसनारा, कैलाशनगर, मुसकी, जल्हा, छतरंग, बाक, असुरा, मोहरसोप, जुड़वनिया, कछवारी, रामगढ़, बलियारी, उमझर, रसौकी, खोहिर, बैजनपाट, लुल्ह, भुण्डा, तेलाई पाट एवं महुली के विभिन्न पारा-मुहल्लों का सोलर पंप लंबे समय से खराब पड़ा है। कहीं की बैटरी खराब हो गई हैं तो कहीं का इन्वर्टर।

### मंगाया गया है इन्वर्टर

बंद पॉवर प्लांटों के लिए यूपी से उपकरण मंगाए गए हैं। उपकरण उपलब्ध होते ही सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

-रनजीत यादव
ईई, क्रेडा, सूरजपुर

### भटगांव एवं जरही में धूमधाम से मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व

**सोनगरा।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा भटगांव और जरही में धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी की 1500 वी जयंती होने की ख़ुशी मे मुस्लिम समुदाय में अन्य वर्ष की तुलना मे ज्यादा उत्साह देखा गया। ज्ञात हो की जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लहु अलैहि व सल्लम के दुनिया मे आने की की ख़ुशी में मनाया जाता है। भटगांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद,मदरसा के साथ-साथ गली मोहल्ले को भी सजाया था। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस मोहम्मदी मदरसा अजीजिया गुलशने मदीना बाजार पारा से शुरू हुई जिसमें बच्चों, नौजवानों तथा बुजुर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूसे मोहम्मदी मे उम्दा नात खानी और जिकरे मुस्तफा करते हुए जुलुस न्यू माइनस कॉलोनी, मेन मार्केट, बी टाइप कॉलोनी से होते हुए पुराना माइनस कॉलोनी से होकर जमा मस्जिद मे आ कर समाप्त हुई। जगह जगह पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मिष्ठान तथा पानी का लंगर लगाया। इस अवसर पर मौलाना सईद रजा नूरी, हाफिज साजिद रजा,सदर अब्दुल खान, गुलाम नबी, अफरोज खान, अख़लाक़ खान, रसीद खान, इसरार खान,अजहर अंसारी, खुशीद अंसारी, राजन, हाजी इस्लाम अंसारी, अजहर अंसारी, रमजान अली, अनवर अंसारी, मुन्ना रंगरेज़, सदर आरीज खान, सोनू अंसारी, अयान खान, सलीम अंसारी, नौसाद अंसारी, फिरोज अंसारी, सहबाज खान, सुहेल खान, शाहिद आंसरी, दानिस अंसारी, सादिक अंसारी, रमजान अंसारी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल थे।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर सीरतुन्नबी कमेटी की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजा एक लाख



जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज और सीरतुन्नबी कमेटी ने एक अनोखी पहल की। समाज के लोगों ने हजरत मुहम्मद साहब के दिए संदेशों पर चलते हुए मानवता की मिशाल पेश की और बाढ़ प्रभावितों के लिए मदद के हाथ आगे बढाए। समाज ने पंजाब में आई बाढ़ में लोगों को मदद पहुंचाने एक लाख रुपए की नगद राशि गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा के अध्यक्ष सरदार गुरुचरण सिंह छाबड़ा को प्रदान की। कमेटी की ओर से ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी, दानिश रफीक सहित अन्य लोगों ने यह राशि समाज को सौंपी। परम्परा के अनुसार सीरतुन्नबी कमेटी ने शहर की नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया। कमेटी ने रिटायर्ड चीफ जस्टिस सुनील सिन्हा को मोमेंटो व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही यूपीएससी में सफलता पाने वाले केशव गर्ग और साक्षी जायसवाल, नीट में सफलता हासिल करने पर एलीना शिरीन खान, ज़ोया अफरोज और रौनक फातिमा, 10वीं-12वीं के मैरिट छात्रों तथा विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। वहीं अनोखी सोच, रोटी बैंक, लोक सेवा मुस्लिम महिला समिति को भी उनकी मानवता के लिए की गई सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

## महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**शंकरगढ़।** अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत एक विशेष जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ एवं हस्ताक्षर कार्यक्रम के साथ हुई। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस के तत्वाधान में संपन्न हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुभा मिंज ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा न



केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह व्यक्ति और समाज दोनों के विकास में बाधा उत्पन्न करता है। रेड क्रॉस प्रभारी सुरेश रवि ने बताया कि आज के युवा वर्ग को इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने नशे की लत से बचाव के उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। पखवाड़ा कार्यक्रम में भाषण, निबंध, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा शपथ ग्रहण जैसे विभिन्न आयोजन किए गए। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## एसपी ने जयनगर थाने के नवीन भवन का किया भूमिपूजन



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने शनिवार को जयनगर थाना के नवीन भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।वर्तमान जयनगर थाना भवन के बगल में ही नवीन भवन की आधार शीला रखी गई है।

पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन बोर्ड के द्वारा उक्त भवन के निर्माण के लिए पिछले दिनों निविदा प्रकाशन के बाद अब निविदा का रास्ता साफ होते ही नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन कराया गया है,कूल 61लाख की लागत से नवीन भवन का निर्माण होगा जिसकी एजेंसी अन्नपूर्णा इंटर प्राईजेज सूरजपुर निर्धारित की गई है।पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने कहा कि पुराना भवन वर्तमान परिस्थितियों के हिसाब से छोटा पड़ रहा था, साथ ही तीन दशक से अधिक पुराना हो जाने से भवन जर्जर हो रहा था,अब नए भवन की शासन से स्वीकृति मिल जाने भवन निर्माण का कार्य पूरा हो जाने के बाद आगामी दिनों में पुलिस को कार्य करने में सहूलियत होगी,उन्होंने निर्माण एजेंसी सहित पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारियों से गुणवत्ता पूर्ण तरीके से कार्य को पूरा कराए जाने का सुझाव दिया है।

इस दौरान एसडीओपी अभिषेक पैकरा,जयनगर थाना प्रभारी,रूपेश कुंतल एक्का सहित पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन बोर्ड के कार्यपालन अभियंता सीएल संगुले,कार्यपालन अभियंता होमकांत साहू,सहायक अभियंता टाकेश साहू सहित कुंजनगर सरपंच पति संजू सिंह समेत थाना स्टॉफ उपस्थित थे।

### लटोरी पुलिस चौकी के नवीन भवन निर्माण का भूमिपूजन

सूरजपुर जिले के लटोरी पुलिस चौकी के नवीन भवन के लिए शनिवार को भूमिपूजन किया गया।पुलिस चौकी के लिए राज्य शासन द्वारा करीब 40 लाख की स्वीकृति प्रदान किये जाने के बाद शनिवार को पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सूरजपुर अभिषेक पैकरा की उपस्थिति में चौकी भवन का पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। उक्त भवन अंबिकापुर बनारस अंतराज्यीय मार्ग में ग्राम अनुजनगर में बनेगा इसके लिए भूमि का चयन और आबंटन की प्रक्रिया पूर्व में कुछ माह पूर्व कर लिए जाने के बाद ही लटोरी पुलिस चौकी निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया था। शनिवार को भूमिपूजन कार्यक्रम में लटोरी, अनुजनगर, गंगापुर के ग्रामीण, जन प्रतिनिधि के अलावा स्थानीय दशरथ राजवाड़े, ठाकुर पैकरा, शिशुपाल राजवाड़े, अयोध्या जायसवाल, राजा सिंह, संजय कुशवाहा, विजय यादव व हाऊसिंग बोर्ड के अभियंता होम कांत साहू सहित थाना प्रभारी जयनगर रूपेश कुंतल एक्का, चौकी प्रभारी लटोरी अरुण गुप्ता, यातायात प्रभारी बृज किशोर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, रविशंकर, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा, संतोष जायसवाल, सुनील एक्का, हरक लालउपस्थित रहे।

**पुराने भवन में 8 साल से संचालित हो रही है लटोरी चौकी**-बता दें कि लटोरी पुलिस चौकी की स्थापना 8 वर्ष पूर्व 15 जुलाई 2017 को की गई थी। तब जयनगर थाना के 27 ग्रामों को अलग कर लटोरी पुलिस चौकी में शामिल किया गया था। वर्तमान में जयनगर थाना क्षेत्र में 32 गांव हैं। लटोरी पुलिस चौकी जयनगर थाना अंतर्गत चौकी है, अब तक यहां पुलिस चौकी का संचालन लटोरी पंचायत के सामुदायिक भवन में किया जा रहा था। पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अभियंता होम कांत साहू ने बताया कि 40 लाख रुपये की लागत के इस भवन के निर्माण का कार्य अन्नपूर्णा इंटरप्राइजेज सूरजपुर के बंटी अग्रवाल द्वारा कराया जाएगा जिसे 9 माह की अवधि में निर्माण कार्य पूरा किया जाना है।





## नक्शा प्रोजेक्ट भी शहर को देगा नई पहचान : मंजूषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- ननि के पूर्ण हुआ पांचवें दिन का प्रशिक्षण, दी गई आंकड़ों को सोफ्टवेयर में अपलोड करने की जानकारी

जिले में चल रहे नक्शा प्रोजेक्ट के तहत नगर पालिक निगम में पांचवें दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर एमपीएसईडीसी की टीम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रयोग से प्राप्त आंकड़ों को सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की विधि की जानकारी दी गई। चार दिनों तक विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर उनकी क्षमता का परीक्षण किया गया, जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने भूमि विवादों के निराकरण में नक्शा प्रोजेक्ट की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए पार्षदों से परियोजना को सफल बनाने हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार अंबिकापुर ने स्वच्छता के क्षेत्र में देशभर में पहचान बनाई है, उसी प्रकार यह प्रोजेक्ट भी शहर को नई पहचान देगा। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों ने कहा कि वे नगर पालिक निगम अंबिकापुर क्षेत्र के लिए नवीन नक्शा तैयार कर त्रुटिरहित अधिकार अभिलेख बनाकर शासन एवं जिला प्रशासन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भूमि संबंधी समस्याओं व विसंगतियों के निराकरण हेतु वे पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ कार्य करेंगे। सर्वे ऑफ इंडिया की टीम द्वारा पीजी कॉलेज मैदान में प्रशिक्षणार्थियों को फील्ड प्रशिक्षण दिया और मौके पर आने वाली तकनीकी समस्याओं का समाधान किया। अमितेष स्वर्णकार जिला मास्टर ट्रेनर ने नक्शा प्रोजेक्ट की महत्ता सरगुजा के लिए अति उत्तम क्यों है,के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर स्टेट मास्टर दीपचंद भारती राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख शाखा धमतरी ने शासन की कार्ययोजना, प्रोजेक्ट का लक्ष्य, महत्व और लाभ विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने जीएनएसएस रोवर, इलेक्ट्रॉनिक टोटल स्टेशन, ड्रोन आदि आधुनिक उपकरणों की कार्यप्रणाली, परिशुद्धता और फील्ड उपयोग की विधियां समझाईं। मास्टर ट्रेनर दीपचंद भारती ने प्रशिक्षणार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों को अधिकार अभिलेखों के महत्व व भविष्य में उनके लाभ के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने शहरी भूमि प्रबंधन, राजस्व अभिलेख संशोधन, राजीव गांधी आश्रय योजना (1998, 2001, 2002) और मुख्यमंत्री नगरीय आबादी पट्टा (2018) में अभिलेख में दर्ज विसंगतियों, शासकीय भवनों हेतु भूमि की अनुपलब्धता, तथा नालियों से गंदे पानी की निकासी में आने वाली समस्याओं जैसे प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तार से किया गया। इस दौरान ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, पार्षद आलोक दुबे, अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### भटगांव एवं सूरजपुर को जोड़ने वाली सड़क हुई बदहाल

**रामनगर।** जिला मुख्यालय सूरजपुर से कुछ ही दूरी पर स्थित रेण नदी तट से सरस्वतीपुर तक का मार्ग बदहाल हो गया है। मार्ग की हालत इतनी जर्जर है कि जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।सरस्वतीपुर मार्ग सीधे जिला मुख्यालय को जोड़ता है तथा आसपास के दर्जनों गांवां के लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं जिनमें रामपुर, रूनियाडीह, सोहागपुर, करंजी, खरसुरा, दतिमा, कुमदा, खोपा, बतरा, नवापारा और धरतीपारा गांव शामिल है। बरसात में सड़क की स्थिति और भी खतरनाक हो गई है गड्ढों में पानी भरने के कारण सतह का अनुमान नहीं लग पाता जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार गड्ढों में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। बताया जा रहा है कि सड़क की बदहाली का एक बड़ा कारण नेशनल हाईवे-43 का टोल गेट भी है। टोल टैक्स बचाने के लिए भारी वाहन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। भारी वाहनों का दबाव झेल पाने में असमर्थ सड़क धीरे-धीरे टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है। ट्रक और डंपर जैसे भारी वाहन गुजरते हैं तो सड़क की हालत बदतर हो जाती है। हालत यह है कि अब इस मार्ग पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चों और महिलाओं को रोजाना जर्जर मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क की बदहाली से ग्रामीण नाराज हैं तथा शीघ्र निर्माण कराने की मांग कर रहे है।

## युकेलिप्टस के पेड़ों की संगठित गिरोह ने फिर शुरू की अवैध कटाई




काटे गए नीलगिरी के पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अवैध रूप से पेड़ों की कटाई होने के मामले की कंपनी स्तरीय टीम की जांच प्रक्रिया चलने के बावजूद कुमदा स्थित ऑफिसर्स कालोनी परिसर में धराशाई होकर पड़े तीन दर्जन से अधिक युकेलिप्टस पेड़ो की पुनः अवैध कटाई शुरू होने से कथित रूप से प्रबन्धन की भूमिका फिर से सवालों के घेरे में है।

बता दें कि कोयला खान क्षेत्रों में युकेलिप्टस पेड़ो की अवैध कटाई कर तस्करी किये जाने को लेकर हरिभूमि में लगातार प्रकाशित खबरों पर सीएमडी के निर्देश पर कंपनी स्तरीय टीम द्वारा यहां पहुंचकर जांच शुरू किए जाने के बाद मची खलबली के बीच पेड़ों की अवैध कटाई का मामला कुछ समय के लिए थम गया था।पेड़ों की अवैध कटाई और तस्करी के कार्य में विभागीय अधिकारीयों व सुरक्षा अमले की मिलीभगत व संलिप्तता की शिकायत भी कंपनी मुख्यालय में कर कार्रवाई की मांग की गई है,गौरतलब है कि विगत जुलाई माह में एसईसीएल की कुमदा ऑफिसर्स कॉलोनी में तेज हवा के साथ हुई बारिश में तीन दर्जन से अधिक यूकेलिप्टस के पेड़ जड़ समेत धराशाई हो गए,पेड़ गिरने से कुछ कंपनी आवास की दीवार व छत भी क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं कुमदा श्रमिक कालोनी में भी अवैध रूप से मकान बनाकर रह रहे तीन लोगों के मकान में पेड़ गिरने से तीन परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए थे, इस घटना के बाद कथित रूप से कम्पनी प्रबंधन व सुरक्षा अमले से सांठगांठ कर धराशाई हुए पेड़ों की अवैध कटाई कर तस्करी किये जाने की कोशिश की गई।



# ‘अवतारः द वे ऑफ..’ सिनेमाघरों में दोबारा हो रही रिलीज...

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म ‘अवतारः द वे ऑफ वॉटर’ 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कई कीर्तिमान हासिल किए। अब करीब 3 साल बाद फिल्म ‘अवतारः द वे ऑफ वॉटर’ एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ‘अवतारः द वे ऑफ वॉटर’ को 2 अक्टूबर, को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि दुनियाभर में लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी ‘अवतार’ की तीसरी किस्त का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

लाइफ Style



# शनाया

## ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3’ में करेंगी डबल धमाका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने फिल्म ‘आंखों की गुस्ताखियां’ से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में शनाया एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब संजय की बेटी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। शनाया जल्द ही करण जौहर की वेब सीरीज ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3’ में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनाया सीरीज ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3’ में डबल रोल से डबल धमाका करने वाली हैं। सीरीज पर काम काफी समय से चल रहा है। करण ने ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर’ से वरुण धवन, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। शनाया के साथ ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3’ में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है। यह जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हालांकि, अभी इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि शनाया जल्द ही ‘वृषभ’ में नजर आएंगी, जिसके हीरो सुपरस्टार मोहनलाल हैं।

शनाया के साथ ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3’ में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है।

हॉलीवुड मसाला




# विद्युत का हॉलीवुड में डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म ‘स्ट्रीट फाइटर’ को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और आधिकारिक तौर से विद्युत जामवाल इस फिल्म से जुड़ चुके हैं। मशहूर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित इस फिल्म में कई मशहूर हॉलीवुड सितारों सहित एक बड़ी टीम शामिल है। पैरामाउंट पिक्चर्स के प्रोडक्शन हाउस ने पोस्ट में लिखा ‘अखाड़े में राज बहुत देर तक राज नहीं रहते।




# पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का बढ़ाया मान

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का नाम तो रोशन किया ही है साथ ही उन्होंने अब पापुआ न्यू गिनी देश का नाम भी रोशन कर दिया है, उनकी वजह से इस देश को पहली बार ऑस्कर्स में एंट्री मिली है। पापा बूका के बैकग्राउंड स्कोर के लिए ऑस्कर्स नॉमिनेशन पाने के बाद रिकी ने रिएक्ट भी किया है। 3 बार जीतने वाले भारतीय मूल के म्यूजिक कंपोजर ने अब इस देश का बढ़ाया मान। फेमस म्यूजिशियन रिकी केज की दुनिया दीवानी है। अपने संगीत से उन्होंने ना सिर्फ सीमाएं तोड़ी हैं बल्कि उन्होंने संगीत के जरिए ही पूरी दुनिया को जोड़ने की कोशिश की है। रिकी भारतीय मूल के हैं और वे अमेरिका में रहते हैं। इसके अलावा अब उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिससे पापुआ न्यू गिनी नाम के देश का मान बढ़ गया है।



# सनी विक्रमादित्य के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म ‘सीटीआरएल’ लेकर आए निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी अब एक नई वेब सीरज लेकर आ रहे हैं। खास बात ये है कि उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए अभिनेत्री सनी लियोनी से हाथ मिलाया है। दोनों मिलकर एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जो एक सच्ची कहानी पर आधारित होगी। सनी न सिर्फ इस सीरीज को विक्रमादित्य के साथ मिलकर बना रही हैं, बल्कि इसमें मुख्य भूमिका भी खुद ही निभाएंगी। सनी ने इस पर कहा, मैं इस सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह बायोपिक एक ऐसी कहानी पर आधारित है जिसने मुझे वास्तव में बहुत प्रेरित किया है और मैं इसे लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। वेब सीरीज की कहानी से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# ‘डॉन-3’ की तैयारी, अब अमिताभ की बारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह एक ओर जहां आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म ‘धुरंधर’ को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी फिल्म ‘डॉन 3’ भी आने वाली है। इस फिल्म से जुड़े आए दिन नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब इससे जुड़ी ऐसी रोचक जानकारी सामने आई है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो जाएगा। दरअसल, खबर है कि फिल्म में शाहरुख खान के बाद अब अमिताभ बच्चन की एंट्री भी हो गई है। फिल्म में शाहरुख के कैमियो पर तो चर्चा पहले ही हो रही थी और अब ताजा अपडेट ये है कि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इससे जुड़ गए हैं। बता दें कि पर्दे पर पहली बार डॉन अमिताभ ही बने थे। फिर फरहान अख्तर उनकी कालजयी फिल्म ‘डॉन’ का रीमेक लेकर आए और शाहरुख को नया डॉन बनाया।

टीवी मसाला



# 12वें सवाल का पूजा के कड़क जवाब से बिग बी भी हुए इंप्रेस

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 5 सितंबर के एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट कुमारी पूजा के साथ हुई, जिन्हें पढ़ने-लिखने का बहुत शौक है। वे पैसों की तंगी की वजह से पीएचडी नहीं कर पाईं, जिसे जानने के बाद अमिताभ बच्चन भी दुखी हुए। वे 2 लाख रुपये जीत चुकी थीं। उनके पास एक लाइफ लाइन बची थी। खेल की शुरुआत 9वें सवाल के साथ होती है। 3 लाख रुपये का 9वां सवाल रहा इनमें से कौन सा शब्द ग्रेट हिमालय के लिए प्रयोग किया जाता है, जो हिमालय बनाने वाली पर्वतमालाओं में सबसे ऊंची और सबसे उत्तरी पर्वतमाला है? विकल्प हैं- हिमाचल, शिवालिक, कुनलुन, हिमाद्रि।

कंटेस्टेंट पूजा ने जवाब के तौर पर विकल्प डी. हिमाद्रि को चुना, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 5 लाख रुपये के 10वें सवाल का सही जवाब दिया। सुपर संदूक राउंड में कुमारी पूजा ने 8 सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने ऑडियंस पोल को जिंदा कर लिया। उन्होंने 11वें सवाल पर ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया।

सवाल है- भारत के प्रथम नारीवादी ग्रंथों में से एक मानी जाने वाली 1882 की ‘स्त्री पुरुष तुलना’ किसने लिखी थी? विकल्प हैं- ए. ताराबाई शिंदे, बी. रमाबाई रानाडे, सी. पंडिता रमाबाई, डी. सावित्रीबाई फुले।

कंटेस्टेंट पूजा ने ऑडियंस के साथ जाते हुए विकल्प बी. ताराबाई शिंदे को चुना, जो सही साबित हुआ। 12.50 लाख रुपये के 12वें सवाल पर पूजा दुविधा में थीं, लेकिन रिस्क उठाकर गेम खेला। सवाल था- ‘इनमें से किस जीव को 2025 में विलुप्ति से वापस लाए जाने का दावा किया गया था?’ विकल्प हैं- ए. टाई रैनोसॉरस रेक्स, बी. तस्मानियाई बाघ, सी. डोडो, डी. डायर-वुल्फ।

पूजा ने विकल्प डी. डायर-वुल्फ को चुना और 12.50 लाख जीतने में सफल रहीं। उन्होंने 25 लाख के सवाल पर गेम क्विट कर दिया।

कंटेस्टेंट से सवाल-जवाब के अलावा अमिताभ बच्चन क्विज शो में अपनी जिंदगी से जुड़े किस्से भी दर्शकों को सुनाते रहे हैं। उन्होंने पिछले एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सवाल पर अपने घर के माहौल के बारे में बताया। वे बोले, ‘हमारे घर का माहौल सामान्य था। बच्चों की देख-रेख जया करेंगी और हम जाएंगे काम पर। उन्होंने सब कुछ देखा है। हमारे मन में एक क्लेश रहा है कि हम बच्चों के साथ ज्यादा वक्त नहीं बिता पाए। जब हम सुबह निकल रहे होते, तो वह सो रहे होते। घर आता, तो वह सोते हुए मिलते। हमें लगता कि काश हम भी अभिषेक-श्वेता के साथ वक्त बिता सकते। फिर यह तय हुआ कि आप इतवार को काम नहीं करेंगे।

# कार्तिक-अनन्या ने ‘जुम्मा चुम्मा दे दे’ पर किया डांस



**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन जल्द ही फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी’ में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी अनन्या पांडे के साथ बनी है। समीर विद्वांस के निर्देशन में बन रही इस रोमांटिक फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। करण जौहर इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। अब इस बीच अनन्या और कार्तिक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों को ‘जुम्मा चुम्मा दे दे’ गाने पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में अनन्या और कार्तिक को साथ में साल 1991 में आई फिल्म ‘हम’ के सुपरहिट गाने ‘जुम्मा चुम्मा दे दे’ गाने में नाचते हुए देखा जा सकता है। इस गाने को असल में अमिताभ बच्चन और किमी काटकर पर फिल्माया गया था। ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ की बात करें तो इस फिल्म को अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 13 फरवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी।

# टाइगर श्रॉफ से लेकर संजय दत्त तक ‘बागी 4’ के लिए किसने ली कितनी फीस?

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘बागी 4’ आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अपनी अदाकारी का तड़का लगा रहे है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली है और देखना होगा कि यह पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है। आइए जानते हैं ‘बागी 4’ के लिए किस कलाकार ने कितनी फीस ली है।

***टाइगर को मिले 20 करोड़ रुपए :*** ‘बागी 4’ का बजट 70 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म के लिए निर्माताओं से टाइगर 20 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। वह एक बार फिर रॉनी के किरदार में दिख रहे हैं। फिल्म में उनका धाकड़ अवतार देखने को मिल रहा है। कहा जा रहा है कि संजय को इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनय करने के लिए 5.5 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। संजय फिल्म में खूंखार खलनायक की भूमिका में दिख रहे हैं।



### अन्य कलाकारों की फीस

*‘बागी 4’ में टाइगर की जोड़ी हरनाज के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के लिए हरनाज को 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सोनम ने भी फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये की फीस ली है। श्रेयस तलपड़े को इस फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये और सौरभ सचदेवा को 50 लाख रुपये दिए गए हैं।*

## ‘ऑफिसर ऑन ड्यूटी’ सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था

# ‘लोकाह’ से पहले इन मलयालम फिल्मों ने की ताबड़तोड़ कमाई

***मुंबई।*** *इन दिनों सिनेमाघरों में इस समय ‘कुली’, ‘हृदयपूर्वम’ और ‘लोका चैप्टर 1’, 3 चर्चित फिल्में मौजूद हैं। हालांकि, मोहनलाल और रजनीकांत जैसे सितारों के बीच प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन की कम बजट में बनी फिल्म ‘लोकाह चैप्टर 1’ बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाल कर रही है। इस सुपरहीरो मलयालम फिल्म के धमाकेदार प्रदर्शन के बीच आइए जानें मलयालम सिनेमा की कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में, जिन्होंने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की।*

### ‘मंजुम्मेल बॉयज’

सच्ची घटना पर आधारित मलयालम फिल्म ‘मंजुम्मेल बॉयज’ का भी बॉक्स ऑफिस पर खूब बोलबाला रहा। फरवरी 2024 यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाना शुरू कर दिया था। फिल्म में सौबिन शाहिर और श्रीनाथ भासी जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई। 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 141 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### ‘दृश्यम’

साल 2013 में आई मलयालम फिल्म ‘दृश्यम’ ने न केवल मलयालम सिनेमा बल्कि पूरे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। फिल्म में मोहनलाल लीड रोल में नजर आए थे।

जियो हॉटस्टार और यूट्यूब पर मौजूद इस फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। 5 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फिल्म की कमाई 75 करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस जबरदस्त सफलता के बाद इसी नाम से बॉलीवुड में इसका रीमेक बना, जिसके हीरो अजय देवगन थे।



### ‘आवेशम’ और ‘प्रेमलु’

मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म ‘आवेशम’ का निर्माण फहाद फासिल ने किया था और इसके हीरो भी वो खुद ही थे। ‘आवेशम’ का बजट लगभग 30 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 156 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। अमेजन प्राइम वीडियो और जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है। दूसरी ओर 3 करोड़ रुपये के बजट में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ‘प्रेमलु’ ने 136 करोड़ रुपये कमाए थे। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर है।

### ‘ऑफिसर ऑन ड्यूटी’

मलायलम थ्रिलर फिल्म ‘ऑफिसर ऑन ड्यूटी’ ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। फिल्म के हर मोड़ पर खतरनाक ट्विस्ट देखकर दर्शकों की आंखें खुली रह गई थीं। कुंचाको बोबन, प्रियामणि और ऐश्वर्या राज ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। मात्र 10 से 12 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने 55 करोड़ रुपये की कमाई कर केरल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म मौजूद है।

# किसान, महिलाओं और युवाओं की प्रगति ही राज्य का भविष्यः मुख्यमंत्री साय

## रजत जयंती वर्ष में 4000 पंचायतों में शुरू होंगे अटल डिजिटल सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित कार्यक्रम में रेलवे ओवरब्रिज सहित 66.84 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने 20 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा भी की। इनमें खरसिया के कबीर चौक से डभरा रोड तक बाईपास सड़क निर्माण के लिए 10 करोड़, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्विमिंग पूल सहित अन्य सुविधाओं की मरम्मत के लिए 2 करोड़ तथा खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपए की घोषणा शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने खरसिया में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा अटल परिसर का लोकार्पण भी किया। साथ ही उन्होंने रेलवे अंडरब्रिज निर्माण के लिए तकनीकी सर्वे कराए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ से उनका 20 वर्षों का पारिवारिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगरीय निकायों में मिली जीत अटल विश्वास पत्र के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए सात से आठ हजार करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। अटल विश्वास पत्र में की गई एक-एक घोषणा को पूरा किया जा रहा है।



### रेडी टू ईट का जिम्मा फिर से महिला समूहों को सौंपा गया

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पिछले 20 महीनों में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हुआ है। उन्होंने कहा कि 13 लाख किसानों को 3716 करोड़ रुपये दो वर्षों के बोनस के रूप में दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ एकमात्र राज्य है जो 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 18 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट की पहली बैठक में मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि रेडी टू ईट का जिम्मा पुनः महिला स्व सहायता समूहों को सौंपा गया है और इसकी शुरुआत रायगढ़ जिले से हो चुकी है जिसे शीघ्र ही पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल परिसर का लोकार्पण राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाया, जो 500 वर्षों के बाद संभव हो सका। छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही प्रधानमंत्री ने आईटी और जीएसटी में सुधार कर देशवासियों की क्रयशक्ति को बढ़ाया है।

मोदी जी की अधिकांश गारंटियाँ पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों से खरीदी मूल्य 4000 से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दिया गया है। 5.62 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रति वर्ष 10-10 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत स्तर पर भी अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से बैंकिंग और शासकीय सेवाएँ गांव गांव तक पहुँच रही हैं। 1460 पंचायतों में यह सुविधा प्रारंभ हो चुकी है, जहाँ न केवल पैसों का लेन-देन संभव है, बल्कि आय, भूमि, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जैसी सेवाएँ भी अब गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि रजत जयंती वर्ष के दौरान 4000 पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जाएंगे।

### ओवरब्रिज बनने से समस्या होगी दूर : उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण खरसिया शहर के लिए महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। 64.94 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस रेलवे ओवरब्रिज का भूमिपूजन हमारी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके निर्माण से क्रॉसिंग पर ट्रेनों के गुजरने से लोगों को होने वाली आवाजाही की समस्या दूर होगी और समय की भी बचत होगी।

### भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन हमारा उद्देश्य

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच चल रही है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन हमारा उद्देश्य है, सुशासन हमारा संकल्प है। भ्रष्टाचार के सभी रास्ते एक एक कर बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की पहल उन्होंने सांसद रहते हुए की थी। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद आज इसका भूमिपूजन संभव हुआ है।

## गढ़उमरिया में नवगुरुकुल का शुभारंभ



**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान पुसौर तहसील अंतर्गत ग्राम गढ़उमरिया में नवगुरुकुल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नवप्रवेशी छात्राओं को लैपटॉप वितरित कर आगे बढने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवगुरुकुल में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर लैब का निरीक्षण करते हुए शिक्षकों को निर्देश दिए कि वे बालिकाओं को उच्चस्तरीय शिक्षा और मूल्य आधारित संस्कार प्रदान करें ताकि उनका भविष्य सुनहरा बने। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम गणेशोत्सव, शिक्षक दिवस और चक्रधर समारोह की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है इसलिए समाज में उनका सर्वोच्च सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्मरण कराया कि पिछले वर्ष चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर रायगढ़ में प्रयास विद्यालय का उद्घाटन किया गया था और आज नवगुरुकुल की स्थापना इस कड़ी को आगे बढ़ाती है। उन्होंने इस अभिनव पहल के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी, नवगुरुकुल की सह संस्थापक सुश्री निधि और उनकी टीम की प्रशंसा की तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बालिकाओं को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संकल्प : समृद्ध आत्मनिर्भर और विकसित छत्तीसगढ़

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायगढ़ में चक्रधर समारोह के समापन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा चक्रधर सिंह ने संगीत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ में कला और संस्कृति के प्रति अलग ही प्रेम है। इस प्रेम को स्थायी बनाए रखने की दिशा में यहाँ कला और संगीत महाविद्यालय खोलने की घोषणा विगत वर्ष की गई थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए बजट का प्रावधान कर दिया गया है और महाविद्यालय हेतु स्थान का चयन भी हो चुका है। कुछ माह के पश्चात यह महाविद्यालय अस्तित्व में आ जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने विगत 20 माह में अनेक योजनाएँ बनाई हैं और उन्हें जन-जन तक पहुँचाकर लोगों को लाभान्वित किया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटी दी थी, उसे हमारी सरकार ने अल्प समय में ही पूरा किया है और 2047 तक के लिए छत्तीसगढ़ का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित करते हुए हर माह उनके खाते में एक एक हजार रुपये की राशि डाली जा रही है। इससे राज्य की लगभग 70 लाख महिलाएँ लाभान्वित हो रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति लागू कर राज्य में लाखों-करोड़ों रुपए का निवेश आकर्षित किया है और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बेटे-बेटियों को रोजगार देने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### कसैया प्राथमिक शाला में निकली उल्लास रैली

**घरघोड़ा।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास अध्ययन केंद्र प्राथमिक शाला कसैया घरघोड़ा में साक्षरता से संबंधित रैली का आयोजन किया गया। जनजागरुकता रैली और उल्लास कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक बैठक कर प्राथमिक शाला कसैया अध्ययन केंद्र में विविध प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गए। उक्त कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक एक के पार्षद बैतल राठिया सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। विद्यालय के प्रधापाठक ने ग्रामीणों को उल्लास से संबंधित जानकारी देते हुए शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। साक्षरता दर बढ़ाने संबंधी विकास खन्ड में रैलियों का आयोजन कर जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### सारंगढ प्रेस क्लब ने किया निंदा प्रस्ताव

**कटेली।** सारंगढ वन विभाग एसडीओ सामान्य अमिता गुप्ता के खिलाफ जिला प्रेस क्लब सारंगढ़ ने निंदा प्रस्ताव पारित किया है। पत्रकारों का आरोप है कि एसडीओ ने उनसे अभद्र व्यवहार करते हुए पुलिस बुलाने धमकी तक दी है। पूर्व में भी अमिता गुप्ता के द्वारा क्लब के स्थानीय पत्रकारों से अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया जा चुका है, जिसकी शिकायत प्रदेश स्तर के नेता और जिला कलेक्टर से किया गया था। जिस पर यही एसडीओ अमिता गुप्ता के द्वारा पत्रकारों के सामने अपनी गलती मानते हुए माफी मांगी गई थी। बताया जा रहा है कि कई बार पत्रकारों द्वारा विभागीय जानकारी लेने पर अधिकारी द्वारा न तो सही जवाब दिया गया और न ही सहयोग किया गया। प्रेस क्लब का कहना है कि यह आचरण लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के प्रति असम्मानजनक है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्लब ने मामले की शिकायत कलेक्टर और वन मंत्री से करने का निर्णय लिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उक्त अधिकारी के व्यवहार में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।



### शांताराम के निधन पर ओपी चौधरी ने जताया शोक

**रायगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम के देवलोक गमन के समाचार को अत्यंत दुःखद बताते हुए विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा उनका संपूर्ण जीवन समाज तथा राष्ट्र की सेवाए संगठन के कार्य तथा अनुशासन के आदर्शों को जीने में समर्पित रहा। उन्होंने अपने कार्य, विचार और व्यवहार से असंख्य स्वयंसेवकों को राष्ट्रहित में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया।



## सुभद्रा योजना पर सवाल उठने के बाद अब लाभार्थियों होगी दोबारा जांच

**राउरकेला।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक सहयोग देने के लिए ओडिशा सरकार की महत्वाकांक्षी सुभद्रा योजना अब विवादों में घिर गई है। योजना शुरू हुए एक साल बीत चुका है, लेकिन अब भी बड़ी संख्या में पात्र महिलाएँ लाभ से वंचित हैं, वहीं कई लाभार्थियों को पहली किस्त मिलने के बाद बिना किसी ठोस कारण योजना से बाहर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार राउरकेला नगर निगम क्षेत्र में 88,723 महिलाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से 77,082 को मंजूरी मिली। लगभग 2,830 आवेदन अब भी लंबित हैं जबकि 4,233 महिलाओं को पहली किस्त मिलने के बाद सूची से हटा दिया गया। महिलाओं का आरोप है कि बिना भौतिक जांच के उनके आवेदन खारिज कर दिए गए, रिकॉर्ड में आय अधिक दिखाकर या आधारहीन कारण बताकर उन्हें वंचित कर दिया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने पहले ही इस योजना की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा कि बीजद समर्थित कर्मचारियों ने जानबूझकर पात्र महिलाओं को वंचित किया और यह तत्कालीन खाद्य आपूर्ति मंत्री के कार्यकाल में हुए फर्जी राशन कार्ड आवंटन घोटाले जैसी ही गड़बड़ी है। उन्होंने मांग की कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी मंत्री, अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। सरकार ने अब मामले का संज्ञान लिया है और महिला एवं बाल विभाग को लाभार्थियों की नए सिरे से जांच का आदेश दिया है। वाणिज्य एवं परिवहन विभाग वाहन डेटाबेस के आधार पर अपात्र लाभार्थियों को छांटेगा, जबकि खाद्य आपूर्ति विभाग मृत लाभार्थियों की सूची साझा करेगा।

### मिड-डे मील में मिले कीड़े प्राचार्य को नोटिस जारी

**रायगढ़।** सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक व स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों खर्च हो रहे हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। घोर लापरवाही का ताज़ा मामला घरघोड़ा विकासखंड के संकुल केंद्र टेरम स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से उजागर हुआ है। 4 सितंबर को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान स्कूल में बच्चों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन (मिड-डे मील) में कीड़े मिले हैं। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी में नोटिस जारी कर प्राचार्य से जवाब मांगा है। नोटिस के अनुसार साफ-सफाई और सावधानी बरतने के शासन के सख्त दिशा-निर्देशों को दरकिनार करते हुए बच्चों की सेहत के साथ सीधा खिलवाड़ किया गया। निरीक्षण दल ने स्पष्ट रूप से पाया कि भोजन तैयारी के दौरान न तो स्वच्छता का ध्यान रखा गया और न ही निर्धारित नियमों का पालन किया गया।

### सप्ताह भर चले अखण्ड नाम जाप का समापन

**कटेली।** अखण्ड रामनाम सप्ताह विगत 30 अगस्त शनिवार को आरंभ होकर 6 सितंबर को पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा स्नान व नगर कीर्तन कर भारी उत्साह के साथ समापन हुआ। सारंगढ़ विखं अन्तर्गत ग्राम कोसीर छोटे में विगत कई वर्षो से भाद्रपद शुक्लपक्ष में अखण्ड रामनाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन होते आ रहा है। इसी तारतम्य में इस वर्ष 30 अगस्त को नाम आरंभ हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के भक्त गणों के साथ साथ भजन मण्डडियों की अहम भूमिका रहती है वहीं गाँव के श्रद्धालुओं को दो दो घंटे की पाली में राधेश्याम सीताराम का नाम जाप पूरे सप्ताह भर अनवरत चलता है। पंडित उमेश नंदे जयकृष्ण नंदे के सानिध्य में पूरे विधि विधान से नाम यज्ञ का आयोजन होता है। नगर किर्तन में एचीचोली उडिसा लोहाखान तथा पण्डरीपानी पूर्व के किर्तन मण्डली के सुमधुर भजनो से श्रोता मंत्रमुग्ध होकर भजनो का रसपान किए।

## क्षेत्र के किसानों को मिला 171 मीट्रिक टन खाद, खिले चेहरे



■ किसानों ने कहा विधायक उमेश पटेल की हुंकार लाई रंग

**खरसिया।** वर्तमान मे खेती का सीजन चल रहा है लेकिन किसानों को खाद की पर्याप्त आपूर्ति शासन द्वारा नहीं की जा रही थी, किसानो को खाद की पर्याप्त आपूर्ति कराए जाने की मांग को लेकर खरसिया विधायक उमेश पटेल ने 4 सितंबर को हजारों किसानो एवं कांग्रेसजनो के साथ मिलकर खरसिया तहसील आफिस का घेराव कर जंगी प्रदर्शन किया था। जिसमे विधायक उमेश पटेल ने शासन-प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए हुंकार भरी थी की यदि पांच दिनों के अंदर किसानो को खाद की पर्याप्त आपूर्ति नहीं की जाएगी तो कांग्रेस पाटी द्वारा और बड़ा वृहद आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। जिसकी सुखद परिणीति यें हुई की खरसिया मे किसानो को खाद के लिए 5 सितंबर को ही एक रेक खाद पहुंचाई गई एवं 6 सितंबर को अनेक सोसायटीयों को माध्यम से 171 मिट्रिक टन करीब 3800 बोरे किसानो को खाद वितरण प्रारम्भ कर दिया गया है। अब किसानो की खेती में पर्याप्त उत्पादन किया जा सकेगा, किसानों को खाद उपलब्ध होने से किसान हर्ष एवं प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। खरसिया के अनेक किसानो एवं ग्रामीण जनप्रतिनीधीयों ने खाद की उपलब्धता करायें जाने के लिए खरसिया विधायक उमेश पटेल के प्रयासों की भूरी भूरी सराहना करते हुए कहा कि हमे खेती करने के लिए पर्याप्त खाद नहीं मिलने से हम मायूस हो चुके थे लेकिन विधायक उमेश पटेल ने किसानों के हक व अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी जिसके कारण अब किसानों को खाद मिलना प्रारम्भ हो चुका है। कुछ क्षेत्र में जहाँ वर्तमान मे खाद की कमी रह गई है वहा एक दो दिनों मे खाद उपलब्ध हो जाएगा।

## भू अधिग्रहण के लिए नहीं ली गई अनुमति, पंचायत ने लगाया आरोप



■ प्रदेश एनसीपी के राजकुमार ने कहा- होगा आंदोलन

**राउरकेला।** लाठीकटा ब्लॉक की बलानी ग्राम पंचायत ने निजी कंपनी एनवायरो केअर इंफ्रासोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड पर अवैध रूप से भूमि अधिग्रहण करने का आरोप लगाया है। पंचायत की ओर से राउरकेला के अतिरिक्त जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि कंपनी ने बलानी ग्राम की प्लॉट संख्या दो खाता संख्या 126 की लगभग 21 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने के लिए माप जोख की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत का कहना है कि इस संबंध में न तो पंचायत को कोई आवेदन दिया गया और न ही ग्रामसभा से अनुमति ली गई है। पंचायत नियमों के अनुसार किसी भी कंपनी को भूमि अधिग्रहण से पहले ग्रामसभा की मंजूरी और पंचायत से एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य है। ऐसे में कंपनी का यह कदम पूरी तरह अवैध है। पंचायत ने बताया कि इस मामले की शिकायत पहले भी तहसीलदार, जिलाधिकारी, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग दिल्ली और सीएम ग्रिवेंस पोर्टल पर की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि जबरन भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया गया तो क्षेत्र में कानून व्यवस्था की गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है जिसका समर्थन प्रदेश एनसीपी के मुखिया डॉक्टर राजकुमार यादव ने भी किया। राउरकेला एडीएम से मिलने जाने वालों में सचिन ओराम सरपंच गरजन, अरजुन सरपंच बलानी, बसंती ओराम समिति सदस्य, अरुणा किस्कू सरपंच सुईडीह, सकरी ओराम सरपंच मुंडाझर, खाल्को डालकी, कंका खालखो सरपंच डालकी, सोम मुंडा समिति सदस्य और टिकेसुसल सिंह शामिल थे।

## जीएसटी में छूट से आम जनता को होगा लाभ : दीवान

**रायगढ़।** जीएसटी की टैक्स स्लैब में में किए जा रहे बदलाव को आजादी के बाद सबसे बड़ा कर सुधार बताते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा मोदी सरकार के इस निर्णय आम जनता सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। अमीर परिवार हो या गरीब सभी की एक साल में कम से कम 40 से 50 हजार रूपये की बचत हो सकेगी। टैक्स दर में बदलाव के निर्णय से देश की आम जनता सीधे तौर पर प्रभावित होगी और टैक्स की दरों में की गई कमी से प्रत्यक्ष रूप से बचत होगी। आम लोगों के जीवन में अहम और सकारात्मक बदलाव नजर आएंगे। अरुण धर दीवान ने कहा मोदी सरकार द्वारा टैक्स दर में बदलाव किए जाने के निर्णय आम आदमी की बचत बढ़ेगी और टैक्स के रूप में बचे लगभग 6 लाख करोड रुपए बाजार में दोबारा आएंगे। इस अहम निर्णय से आम लोगों के जीवन.स्तर में युगांतरकारी बदलाव देखने मिलेगा।

## पेज 1 के शेष...

### दुर्ग संभाग बना ...

जिससे वह अपनी कमियों को दूर कर और अधिक निखरता है। यही अनुभव आगे चलकर उसे बेहतर खिलाड़ी बनाता है और वह देश तथा प्रदेश का मान बढ़ाता है। इस अवसर पर एसडीएम विश्वास राव मस्के, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, शारदा प्रधान, मुकेश सोनी, विष्णु सोनी, दीपक गुप्ता, आशुतोष राय, राजा सोनी, राहुल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे। पूरे प्रतियोगिता में 240 खिलाड़ी और 35 से अधिक कोच और मैनेजर शामिल रहे। कुल 30 मैच आयोजित किए गए।15 आयुवर्ग बालक वर्ग में दुर्ग संभाग की टीम विजेता रही। सरगुजा संभाग की टीम उपविजेता बनी, जबकि बिलासपुर संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह 17 आयुवर्ग बालक वर्ग में भी दुर्ग संभाग की टीम विजेता रही। सरगुजा संभाग की टीम उपविजेता, जबकि रायपुर संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही। 17 आयुवर्ग बालिका वर्ग में भी दुर्ग संभाग की टीम विजेता रही। बस्तर संभाग की टीम उपविजेता और बिलासपुर संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही।

## सूफियाना अंदाज़ और लोकधुनों से गूंजा रायगढ़

# कैलाश खेर की अद्भुत प्रस्तुति के साथ समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 40वें चक्रधर समारोह 2025 का समापन संध्या अविस्मरणीय संगीत यात्रा में तब्दील हो गई। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी पूरा रायगढ़ बना जब देश के प्रख्यात गायक और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कैलाश खेर ने अपने लोकप्रिय बैंड कैलासा के साथ मंच संभाला।



उनकी दमदार, सूफियाना और लोकधुनों से सराबोर गायकी ने जैसे ही सुर साधा, पूरा पंडाल तालियों और जयघोष से गूंज उठा। करीब दो दशकों से भारतीय संगीत जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कैलाश खेर ने अब तक 20 से अधिक भाषाओं में 2000 से भी अधिक गीत गाए हैं। समापन अवसर पर उन्होंने अपने सुप्रसिद्ध गीत श्तेरी दीवानी, अल्लाह के बंदे, पिया घर आवेंगे, मेरी मां, श्हाथों की लकीरें बदल जाएंगी, तेरी सखी मंगल गौरी, और श्बम लहरीश जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हर गीत के साथ पंडाल झूमता रहा और श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकार का उत्साहवर्धन किया। उनकी प्रस्तुति में लोकसंगीत की मधुरता और सूफियाना रूहानियत का अद्भुत संगम देखने.सुनने को मिला।

समापन अवसर पर रायगढ़ का पूरा वातावरण मानो संगीत की ध्वनि और श्रद्धा से सराबोर हो उठा। उल्लेखनीय है कि कैलाश खेर ने अपने बैंड कैलासा के साथ अब तक 2000 से अधिक लाइव कॉन्सर्ट प्रस्तुत किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का ब्रांड एंबेसडर चुने गए और सबसे कम उम्र में पद्मश्री पुरस्कार पाने वाले इस कलाकार ने भारतीय लोकधुनों को नया आयाम देने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी गायकी ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर को न सिर्फ़ देश में बल्कि विदेशों में भी नई पहचान दिलाई है।

### पद्मश्री नलिनी-कमलिनी की कथक प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



40वें चक्रधर समारोह के समापन अवसर पर प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना पद्मश्री सुश्री नलिनी9कमलिनी की जोड़ी अपनी नृत्य प्रस्तुति से ऐसा समा बांधा कि दर्शक देर तक अभिभूत रहे।इन दोनों बहनों ने कथक नृत्य की हर गति, भाव और अभिव्यक्ति में ऐसी पूर्णता और सौंदर्य की झलक दिखाई, जो उनके वर्षों के साधना और समर्पण को दर्शाता है। चक्रधर समारोह के इस भव्य समापन में वाराणसी के सुप्रसिद्ध कथक गुरु पं. जितेन्द्र महाराज की इन दोनों शिष्याएं की प्रस्तुति न केवल एक नृत्य प्रदर्शन थीए बल्कि भारतीय कलाए संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का सजीव दर्शन भी थी।

